गोम्मटसार जीवकांड ।

(उत्तरार्द्ध)

ॐ

गांधी–हरीभाईदेवकरण जैनग्रंथमाला ।

४

आचार्यप्रवर श्रीमन्नेमिचंद्रसैद्धांतिकचक्रवर्तिविरचित–

गोम्मटसार ।

(जीवकांड–उत्तरार्द्ध)

श्रीमत्केशववर्णिकृत जीवतत्त्वप्रदीपिका और अभयचंद्राचार्यकृत मंदप्रबोधिका

नामकी दो संस्कृत टीका

तथा स्वर्गीय पंडित टोडरमलजी कृत सम्यग्ज्ञानचंद्रिका नामकी हिंदीभाषाटीकासहित ।

जिसको

भारतीय जैनसिद्धांतप्रकाशिनी संस्थाके महामंत्री पन्नालाल बाकलीवालने

संस्थाके जैनसिद्धांतप्रकाशक (पवित्र) प्रेसमें छपाकर

प्रकाशित किया ।

संपादक—

पं० गजाधरलाल जैन न्यायतीर्थ

और

श्रीलाल जैन काव्यतीर्थ।

मुद्रक—

श्रीलाल जैन काव्यतीर्थ,

जैनसिद्धांतप्रकाशक (पवित्र) प्रेस,

नं० ८ महेंद्रबोस लेन, श्यामबाजार, कलकत्ता।

गोम्मटसार ।

गांधी—हरीभाई देवकरण जैनग्रंथमाला ।

४

आचार्यप्रवर श्रीमन्नेमिचंद्र सैद्धांतिकचक्रवर्तीविरचित

गोम्मटसार ।

(जीवकांड-कर्मकांड)

श्रीमत्केशववर्णीकृत संपूर्ण जीवतत्त्वप्रदीपिका और ज्ञानमार्गणा पर्यंत अभयचंद्राचार्यकृत मंदप्रबोधिका

नामकी दो संस्कृत टीका

तथा पंडित टोडरमल्लजी कृत सम्यग्ज्ञानचंद्रिका नामकी हिंदीटीका एवं अर्थसंदृष्टि अधिकार सहित

जिसको

भारतीय जैनसिद्धांतप्रकाशिनी संस्थाके महामंत्री पन्नालाल बाकलीवालने

संस्थाके जैनसिद्धांतप्रकाशक (पवित्र) प्रेसमें छपाकर

प्रकाशित किया ।

संपादक—

पं० गजाधरलाल जैन, न्यायतीर्थ

और

श्रीलालजैन काव्यतीर्थ

मुद्रक—

श्रीलालजैन काव्यतीर्थ

जैनसिद्धांतप्रकाशक (पवित्र) प्रेस,

नं० ८ महेंद्रबोसलेन श्यामबाजार कलकत्ता।

विषय और जीवतत्त्वप्रबोधिकाका विषय देखनेपर कुछ भी विशेष नहीं दीख पडा। ठीक भी है—श्रीमच्चामुण्डरायकृत गोम्मटसारकी सर्वांग सुंदर एक कनडीमें टीका है। मन्द प्रबोधिका जिसने पूरी की है उसने यह प्रतिज्ञा की है कि अब कर्णाटक वृत्तिके अनुसार लिखा जाता है और जीवतत्त्वप्रदीपिकाके कर्ता श्रीमान् केशववर्णीका भी यह वचन है कि 'वक्ष्ये कर्णाटवृत्तितः' अर्थात् गोम्मटसारकी जो मैं टीका बनाऊंगा कर्णाटक वृत्तिके अनुसार बनाऊंगा इसलिये जब दोनोंही टीकाओंका विषय एक है कुछ भी फेर फार नहीं तब मन्दप्रबोधिकाका प्रकाशन करना अनुचित था। हां! जहां जहां हमें मन्दप्रबोधिकामें विशेष मालूम पडा है वहां वहां हमने टिप्पणीमें खुलासा रूपसे लिख दिया है। हमारे पास जो पूना डेकिन कालेजसे प्रति आई थी उसके अंत—भागमें जो पत्र थे वह कोई अन्य ही टीकाके थे पर उसका कुछ ही अंश था और जीवतत्त्वप्रदीपिकासे कुछ विशद न थी। पता नहीं, उस टीकाके निर्माता कौन विद्वान थे?

गोम्मटसारजीका जिस समय कार्य प्रारंभ हुआ था सबसे प्रथम गोम्मटसारजीकी मन्द प्रबोधिका टीका और जीवकांडका संदृष्टि अधिकार इसप्रकार दो प्रति हमें परम सज्जनोत्तम बाबू वद्रीदासजी बिजनोरकी कृपासे प्राप्त हुई थीं जो प्रायः शुद्ध थीं। उसके बाद संस्थाके संरक्षक श्रीमान सेठ हीराचन्दजी रामचन्दजी गांधीकी कृपासे डेक्किन कालेज पूनासे समस्त जीवतत्त्वप्रदीपिकाकी प्रति प्राप्त हुई थी जो अधिक अशुद्ध थी। उसके बाद जीवतत्त्वप्रदीपिकाकी पूरी प्रति मित्रवर पंडित इन्द्रलालजी शास्त्री जयपुरसे और एक प्रति जीवकांडतककी स्वर्गीय मित्रवर गणेशलालजी गोधा जयपुरसे प्राप्त हुई थी जो दोनों प्रति शुद्ध थीं। उसके बाद जीवकांडतक जीवतत्त्व प्रदीपिका संस्कृत टीकाकी १ प्रति कारन्जासे श्रीयुक्त पं० वंशीधरजी शास्त्री न्यायतीर्थ की कृपासे प्राप्त हुई थी जो प्राचीन और शुद्ध थी। उसके बाद एक प्रति भाषा टीकाकी लब्धिसार पर्यंत और एक प्रति मन्दप्रबोधिका संस्कृतटीकाकी संपूर्ण हमें जैनसिद्धांतभवन आराके मंत्रीमहोदय बाबू सुपार्श्वदासजी गुप्त बी० ए० की कृपासे प्राप्त हुई। संस्कृत प्रति तो अत्यंत प्राचीन और शुद्ध थी ही परन्तु भाषा प्रति बडी ही भव्य और दर्शनीय थी। उसके यंत्रोंकी रचना और अक्षरोंकी खुबसूरती बडी ही मनोहारिणी थी, विशेष कहांतक कहा जाय इस विशुद्ध प्रतिकी कृपासे श्रीगोम्मटसार बहुत अंशोमें शुद्ध प्रकाशित हुआ होगा। उसके बाद हमें प्रारंभसे लब्धिसार पर्यंत एक प्रति श्रीमान् सेठ रावजी सखाराम देशी मंत्री भा० दि० जैन परीक्षालय शोलापुरकी कृपासे प्राप्त हुई जो प्रायः शुद्ध थी। उसी समय एक भाषा प्रति जीवकांडतक मित्र गणेशलालजी गोधाकी कृपासे प्राप्त हुई थी। इतनी प्रतियोंके आधारसे श्रीगोम्मटसारजीका संपादन हुआ है। जिन उपर्युक्त महाशयोंने प्रतियोंके भेजनेमें कष्ट उठाकर श्रीगोम्मटसार सरीखे पवित्र और कठिन कार्यमें सहायता दी है और हमारे साथ सौजन्यका परिचय दिया है, हम उनके परम आभारी हैं।

सबसे प्रथम वृहद् गोम्मटसारजीके प्रकाशनका समाचार पाते ही परम सज्जनोत्तम श्री युक्त डा० गिरधरलालजी अहमदाबादने अत्यंत हर्ष प्रगट किया। उत्साहवर्धक बहुतसे हमारे यहां पत्र भेजे एवं गोम्मटसारकी ४०० ग्राहक संख्याकी पूर्तिकेलिये बलवान प्रयत्न चालू देख फौरन लिख दिया कि यदि ४०० ग्राहकोंकी पूर्तिमें कमी जान पडे तो ग्राहक श्रेणीमें २१ प्रतियोंका ग्राहक मुझे बना लेना इसलिये उक्त डाक्टर साहबकी इस अनुपम सहानुभूतिका संस्था विशेष आभार मानती है। गोम्मटसारजीके प्रकाशनका शुभ संवाद सुन बिजनोर निवासी श्रीमान् बाबू

चन्द्रीलालजीने भी परम हर्ष प्रगट किया। गोम्मटसारजीके जल्दी आरंभ कर देनेकी वार वार प्रेरणाकी। प्रतियां भी शीघ्र भेज दीं इसलिये उक्त वाबू साहबकी प्रेमपत्र सहानुभूतिकी भी संस्था अधिक आभारी है। गोम्मटसारजीके प्रकाशनका शुभ संवाद पाते ही धर्मभूषण ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजीने परम हर्ष प्रगट किया। ग्राहक संख्यापर ही गोम्मटसारजीका प्रकाशन समक्ष बडे विस्तारसे जैनमित्रमें नोट प्रकाशित किया और जल्दी ग्राहक होनेकी बडी उग्रतासे प्रेरणाकी जिससे ग्राहकोंकी पूर्ति बहुत ही शीघ्रतासे हुई तथा प्रथम खण्ड गोम्मटसारजीके प्रकाशित होते ही बडो विस्तारसे समालोचना की। ब्रह्मचारीजीकी इस परमोपकारिणी सहानुभूतिकी संस्था अत्यंत आभारी है। और भी सज्जनोंने गोम्मटसारजीके प्रकाशनमें सहायता करके जो हमारे ऊपर कृपा का है और विघ्न उपस्थितकर गोम्मटसारजीके प्रकाशनमें उग्रता पूर्वक जोश उत्पन्न किया है उनकी भी संस्था अत्यन्त आभारी है।

गोम्मटसारके प्रकाशनमें यद्यपि हमने कई आपत्तियोंका उल्लेख किया है पर द्रव्यकी ओरसे आनेवाली आपत्तिसे बलवान आपत्ति कोई न थी फिर भी थोडी द्रव्य हो तो उसका आयोजन कहींसे न कहींसे करभी लिया जाय किंतु गोम्मटसारजीके प्रकाशनके लिये प्रचुर द्रव्य की आयोजना कहांसे की जाय? इसलिये सबसे अधिक धन्यवादके पात्र हरीभाई देवकरण नामक प्रसिद्ध फार्मके मालिक दानवीर श्रीमान् सेठ हीराचंद रामचंदजी हैं जिनकी कृपासे महाशास्त्र श्रीगोम्मटसारसरीखे दुःसाध्य कार्यका जीर्णोद्धार होगया। उन्हींकी कृपासे और विपुल सहायतासे आज भारतीय जैनसिद्धान्तप्रकाशनी संस्था सुलभ लागतपर उत्तमोत्तम ग्रन्थ प्रदान कर जैनधर्मका परम उपकार कर रही है और सदा करती जायगी। हमारी यह पवित्र भावना है कि इस प्रकार लोकोत्तर दान देनेवाले श्रीमान दानवीर सेठ साहब चिरंजीव रहें और इसप्रकार अपने कठिन परिश्रमसे उपार्जित लक्ष्मीका समीचीन दान देकर इस परम पावन जैन धर्मकी उन्नतिमें सहायी बने रहें। इन्हीं श्रीमान सेठ साहबकी द्रव्यकी सहायतासे लब्धिसार व क्षपणासार नामक विशालग्रंथोंका कार्य बडे जोर से चल रहा है थोडेदिन बाद उनका भी पाठकोंको दर्शन होगा।

अंतमें हम यह निवेदन कर कि महाशास्त्र श्रीगोम्मटसारजीका विषय परम गहन है। भगवान श्रुतकेवलीके समान श्रीनेमिचन्द्र सिद्धांत चक्रवर्तीके वचनोंका तात्पर्य समझना तो दूर रहा उनके वचनोंके विशुद्धरूपसे उच्चारण करने में भी हम सर्वथा असमर्थ हैं। परम विज्ञानी महात्मा टोडरमल्लजीकी भाषा समझनेका भी हमें ज्ञान नहीं तथापि इस महान शास्त्रके संपादन करनेकेलिये जो हमने साहस किया है वह हमारा दुःसाहस और धृष्टताही है। यद्यपि प्रतियोंके अक्षरोंसे अक्षर मिलानेमें विशेष प्रमाद नहीं हुआ है तथापि अज्ञानजन्य प्रमाद तो अवश्य ही होना माना जायगा इसलिये संभव है इस विशाल किंतु गहन ग्रंथमें हजारों जगह त्रुटियां और अशुद्धियां रहगई होंगी इसलिये विद्वान पाठकोंसे सनत मस्तक हो प्रार्थना है कि वे अज्ञानसे होनेवाली अशुद्धियोंको शुद्ध कर पढें और पढावें एवं अज्ञान जन्य अशुद्धियोंके शुद्ध करनेमें असमर्थतामें लाचारी जान हमें क्षमा प्रदान करें। बस विद्वानोंसे इतनाही निवेदन करना पर्याप्त है।

विद्वानोंके अनुचर—

गजाधरलाल जैन,

श्रीलाल जैन।

भगवान् नेमिचंद्रसिद्धांतचक्रवर्ती और श्रीगोम्मटसारजी ।

पाठक ! जो विशाल ग्रंथ आपके सामने विराजमान है उसके रचयिता प्रातःस्मरणीय भगवान नेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती हैं । ये पूज्यात्मा कब हुए ? यद्यपि इसबातका निर्णायक कोई भी पुष्ट प्रमाण नहीं है तथापि यहां वहां से देख दाखकर जो निश्चय किया है यहां हम उसका उल्लेख किये देते हैं।

श्रीचामुंडराय भगवान नेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती को अपना गुरु मानतेथे और उनके गुणोंके परम श्रद्धालु थे । भगवान नेमिचंद्र सिद्धांत चक्रवर्तीकी भी श्रीचामुंडराय पर अलौकिक कृपा थी— वे श्रीचामुंडराय पर विशेष-धर्मात्मा होनेके कारण अत्यंत हित रखते थे इसलिये गोम्मटसारजीके अंतमें प्रशस्ति लिखते समय भगवान नेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्तीने श्रीचामुंडरायका कई गाथाओंमें अभिवादन किया है उनमें महत्वपूर्ण तीन गाथाओंका हम यहां उल्लेख किये देते हैं।

गोम्मटसंगहसुत्तं गोम्मटसिहरुवरि गोम्मटजिणो य।
गोम्मटरायविणिम्मियदक्खिणकुक्कुडजिणो जयउ ॥ ९६८ ॥

अर्थात्—गोम्मटसार संग्रहसूत्र गोम्मट शिखरके ऊपर चामुंडराय राजाकरि बनवाये जिनमंदिरमें विराजमान एक हाथ प्रमाण इन्द्र नील मणिमय नेमिनाथनामा तीर्थंकर देवका प्रतिबिंब तथा उसी चामुंडराय करि निर्मापित लोकमें रूढिकरि प्रसिद्ध दक्षिण कुक्कुटनामा जिनका प्रतिबिंब जयवंत प्रवर्तो ।

जेणुब्भियथंभुवरिमजक्खतिरीटग्गकिरणजलधोया।
सिद्धाण सुद्धपाया सो राओ गोम्मटो जयउ ॥ ९७१ ॥

अर्थात् जिसने चैत्यालयमें खडे खंभोंके ऊपर स्थित जो यक्षकी मूर्तियां हैं उनके मुकुटके आगेके भागकी किरणोंरूप जलसे सिद्ध परमेष्ठियोंके आत्मप्रदेशोंके आकार रूप शुद्ध चरण धोये हैं ऐसा चामुंडराय जयको प्राप्तो।

गोम्मटसुत्तल्लिहणे गोम्मटरायेण जा कया देसी।
सो राओ चिरकालं णामेण य वीरमत्तंडी ॥ ९७२ ॥

अर्थात् गोम्मटसार ग्रंथके गाथासूत्र लिखनेके समय गोम्मटराय-चामुंडरायने देशीभाषा अर्थात् कर्णाटकवृत्ती बनाई है वह वीर मार्तंड नामसे प्रसिद्ध चामुंडराय बहुतकालतक जयवंत प्रवर्तो।

इतना ही नहीं एक दंतकथासे यह भी प्रसिद्ध है कि गोम्मटसारजीका उदय भी श्रीचामुंडरायके ही निमित्तसे हुआ था इसलिये यह बात सर्वमान्य और निःशंकित है कि पूज्यात्मा भगवान श्रीनेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती और महापुरुष श्रीचामुंडराय दोनों ही समान कालीन थे।

वाहुवलिचरितमें श्रीचामुंडरायके विषयमें यह लिखा हुआ है—

कल्क्यब्दे षट्शताख्ये विनुतविभवसंवत्सरे मासि चैत्रे
पंचम्यां शुक्लपक्षे दिनमणिदिवसे कुंभलग्ने सुयोगे।
सौभाग्ये मस्तनाम्नि प्रकटितभगणे सुप्रशस्तां चकार
श्रीमच्चामुंडराजो वेल्गुलनगरे गोम्मटेशप्रतिष्ठां ॥ ५५ ॥

अर्थात् कल्की-शक (?) संवत् ६०० में चैत्रशुक्ल ५ मी रविवारके दिन श्रीचामुंडरायने श्रीगोम्मटस्वामीकी प्रतिष्ठा की। जब यह बात सर्वमान्य और निश्चित है कि भगवान नेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती और श्रीचामुण्डराय समकालीन हैं। तब जो संवत् श्रीचामुण्डरायका होगा वही श्रीमान् नेमिचंद्र सिद्धांत चक्रवर्तीका है, वाहुवलि चरितके अनुसार श्रीचामुण्डरायका समय शकसंवत् ६०० तदनुसार वि० सं० ७३५ है। वही भगवान नेमिचन्द्रका है। पं० जवाहरलालजी शास्त्रीनेभी भगवान नेमिचन्द्र सिद्धांतचक्रवर्तीका समय शकसंवत् ६०० (वि० सं० ७३५) ही लिखा है।

यदि इस कथनकी तुलना हम दूसरे दूसरे प्रमाणोंके आधारसे करते हैं तो बलवान बाधा आकर उपस्थित हो जाती है क्योंकि संस्कृत छंदोबद्ध भुजबलि (वाहुवलि गोम्मट) चरित्रमें जो कथा लिखी है उससे श्रीअजितसेनाचार्य तथा श्रीचामुण्डरायकी समान कालीनता सिद्ध होती है जो श्रीनेमिचन्द्र सिद्धांत चक्रवर्तीके ऊपरि निर्धारित समयमें बाधा डालती है। वह कथा इस प्रकार है—

द्रविड देशमें एक मधुरा नामकी नगरी थी जो प्राचीन शास्त्रोंमें दक्षिण मथुरा और आजकलकी भूगोलके अनुसार मदुरा नामसे प्रसिद्ध है। वहां—

श्रीदेशीयगणाब्धिपूर्णमृगभृच्छ्रीसिंहनंदिव्रति-
श्रीपादाम्बुजयुग्ममत्तमधुपः सम्यक्त्वचूडामणिः।
श्रीमज्जैनमताब्धिवर्धनसुधासूतिर्महीमंडले
रेजे श्रीगुणभूषणो भुवनुतः श्रीराजमल्लो नृपः ॥ वाहुवलिचरित ॥

इस श्लोकके अनुसार देशीयगणके स्वामी श्री सिंहनंदी आचार्यके चरणकमलोंका सेवक गंगवंशतिलक श्रीराजमल्ल नामका राजा था उसका

तस्यामात्यशिखामणिः सकलवित्सम्यक्त्वचूडामणि—

भव्यांभोजविबुन्मणिः सुजनवंदित्रातचूडामणिः ।
ब्रह्मक्षत्रियवैश्यशुक्तिसुमणिः कीर्त्योघमुक्तामणिः ।
पादन्यस्तमहीशमस्तकमणिश्चामुंडभूपोऽग्रणीः ॥

इस श्लोकके अनुसार श्रीचामुंड नामका राजा महा अमात्य (बडामंत्री) था । एक दिन श्रीचामुंड मंत्रीके साथ महाराज राजमल्ल सभामें विराजमान थे कि एक सेठ सभामें आया और प्रणामपूर्वक महाराजसे उसने यह समाचार कहा—

उत्तर दिशामें एक पोदनपुर नगर है । वहां वाहुवलि स्वामीकी कायोत्सर्ग प्रतिबिम्ब है जो भरत चक्रवर्ती द्वारा स्थापित है और जिसकी प्रसिद्धि वर्तमानमें गोम्मट नामसे है । यह पवित्र वृत्तांत सुनते ही महाराज राजमल्ल और मंत्री श्रीचामुंडको परम आनंद हुआ । वाहुवली भगवानकी प्रतिबिम्बको भाव नमस्कार कर श्रीचामुंड अपने घर गये और अपनी माता कालिकासे सारा वृत्तांत कह सुनाया ।

इस पवित्र वृत्तांतसे माता कालिकाको भी परमानंद हुआ । वह अपने पुत्र श्रीचामुंडके साथ जिन मंदिरमें गई । भगवान जिनेंद्रकी स्तुति की और पश्चात् अपने गुरु (अजितसेन) के गुरु श्रीसिंहनंदी आचार्यको नमस्कार किया । उसके वाद—

पश्चात्सोऽजितसेनपंडितमुनिं देशीगणाग्रेसरं स्वस्याधिप्यसुखाब्धिवर्धनशशिश्रीनंदिसंघाधिपं ।
श्रीमद्भासुरसिंहनंदिमुनिपाङ्घ्रयम्भोजरोलम्बकं चानम्य व्यवदत्सुपौदनपुरीश्रीदोर्वलेर्हच्चकं ॥

इस प्रकार देशीयगणके प्रधान श्रीअजितसेन मुनिको नमस्कार कर श्रीचामुंडने श्रीवाहुवलिके प्रतिबिंबका वृत्तांत कहा । इत्यादि ।

केवल इस कथाहीसे अजितसेन और श्रीनेमिचन्द्रसिद्धांतचक्रवर्तीकी समानकालीनता सिद्ध नहीं होती, स्वयं भगवान नेमिचन्द्रसिद्धांतचक्रवर्तीने भी श्रीअजितसेनका उल्लेख किया है और उन्हें चामुण्डरायका गुरु वतलाया है जैसा कि—

जिम्हि गुणा विस्संता गणहरदेवादिइड्ढिपत्ताणं ।
सो अजियसेणणाहो जस्स गुरू जयउ सो राओ ॥ कर्म० गो० ९६६

अर्थात्— जिनमें बुद्ध्यादि ऋद्धिप्राप्त गणधर देवादि मुनियोंके गुण विश्राम पाकर ठहरे हुए हैं अर्थात् गणधरादिकोंके समान जिनमें गुण हैं ऐसा अजितसेन नामा मुनिनाथ जिसका व्रत (दीक्षा) देनेवाला गुरु है वह चामुंडराय सर्वोत्कृष्टपने जय पावो । और भी—

अज्जज्जसेणगुणगणसमूहसंधारि अजियसेण गुरू ।
भुवणगुरू जस्स गुरू सो राओ गोम्मटो जयउ ॥

अर्थात्— जिसके गुरु अजितसेन नाथमें ऋद्धिप्राप्त गणधर देवादिकोंके गुण पाये जाते हैं, आचार्य श्रीआर्यसेनके अनेक गुणोंके समूह

को धारण करनेवाले तथा तीन लोकके गुरु अजितसेन गुरु जिसके गुरु हैं वह श्री चामुंडराय राजा जयवन्त रहो। तथा यह भी निश्चय ही है कि बाहुवलि चरितमें जिन अजितसेनका उल्लेख है और गोम्मटसारमें जिनका उल्लेख है वे दोनों अजितसेन एक ही हैं। अस्तु।

ये अजितसेन कब हुए हैं ? इस बातका पता श्रवणवेलगोलाके एक शिलालेखके इन पद्योंसे मिलता है—

गुणाः कुंदस्पन्दोड्डमरसमरा वागमृतवाःप्लवप्रायः मेयः प्रसरसरसा कीर्तिरिव सा।
नखेंदुज्योत्स्नांघ्रेर्नृपचयचकोरप्रणयिनी न कासां श्लाघानां पदमजितसेनो व्रतिपतिः॥

यह शिला लेख करीव ग्यारहवीं शदीका खुदा हुआ है इससे मालूम होता है श्रीअजितसेन स्वामी ग्यारहवीं सदीके पूर्व हुए हैं और उसी समय श्रीचामुंडराय भी हुए हैं। इसलिये जब श्रीचामुंडरायका समय ग्यारहमी सदी निश्चित होता है तब उनके समकालीन भगवान नेमिचंद्रका भी समय यही निश्चित होना चाहिये इसलिये पहिले बाहुवलि चरितके अनुसार जो शक सं ६०० और वि० सं० ७३५ लिखा है उसमें संदेह आकर उपस्थित हो जाता है।

पं० नाथूरामजी प्रेमीने जो चन्द्रप्रभ चरितकी भूमिका लिखी है उसमें उन्होंने श्रीचामुंडरायके परिचयमें लिखा है कि 'कनडी भाषाके प्रसिद्ध कविरत्नने शक संवत् ९१५ में पुराण तिलक नामक ग्रंथकी रचना की है और उसमें अपनेको रक्कस गंगराजका आश्रित बतलाया है। श्रीचामुण्डरायकी भी अपने पर विशेष कृपा रखनेका वह जिक्र करता है' इससे पुराण तिलकके आधारसे यह जान पडता है कि शक संवत् ९१५ या विक्रम सं० १०५०-के लगभग ही श्रीचामुंडराय और अजितसेन स्वामी हुए हैं।

गोम्मटसारकी श्रीचामुण्डरायकृत एक कर्णाटकवृत्ति श्रीनेमिचन्द्रसिद्धांतचक्रवर्तीके समक्ष ही बन चुकी थी। उसीके अनुसार श्रीकेशववर्णीकृत संस्कृत टीका भी है उसकी आदिमें यह लिखा है—

'श्रीमदप्रतिहतप्रभावस्याद्वादशासनगुहाभ्यंतरनिवासिप्रवादिसिंधुरसिंहायमान-सिंहनंदिनन्दितगंगवंशललाम-राजसर्वज्ञाद्यनेकगुणनामधेयभागधेय-श्रीमद्राजमल्लदेवमहीवल्लभमहामात्यपदविराजमान-रणरङ्गमल्लासहायपराक्रम- गुणरत्नभूषण-सम्यक्त्वरत्ननिलयादिविविधगुणनामसमासादितकीर्तिकांत- श्रीमच्चामुंडरायप्रश्नावतीर्णचत्वारिंशत्पदनामसत्त्वप्ररूपणद्वारेणाशेषविनेयजननिकुरंबसंबोधनार्थं श्रीमन्नेमिचंद्रसैद्धान्तिकचक्रवर्ती समस्तसैद्धान्तिकजनप्रख्यातविशदयशाः विशालमतिरसौ भगवान् गोम्मटसारपंचसंग्रहप्रपंचमारचयंस्तदादौ निर्विघ्नतः शास्त्रपरिसमाप्तिनिमित्तं देवताविशेषं नमस्करोति।

राज (च) मल्ल और रक्कस गंगराज ये दोनों ही भाई थे। उपर्युक्त गोम्मटसारकी पंक्तियोंसे स्पष्ट है कि राजमल्ल श्रीचामुंडराय तथा भगवान नेमिचन्द्र सिद्धांतचक्रवर्ती तीनों ही समकालीन हैं। इसलिये राजमल्लका समय विक्रम की जब ग्यारहवीं शदी निश्चित की जाती है तब वही समय श्रीचामुंडराय और नेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्तीका भी होना चाहिये।

यहां पर विचारणीय बात यह उपस्थित होजाती है कि बाहुवलि चरितके भगवान नेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्तीका समय शक संवत् ६००

तदनुसार वि० सं० ७३५ सिद्ध होता है और पुराण तिलकके आधारसे शक सं० ९१५ या वि० सं० १०५० सिद्ध होता है तब किसका खेख प्रमाण माना जाय ? यदि यह कहा जाय कि पुराण तिलकके आधारसे भगवान नेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्तीका समय शक सं० ९१५ या वि० सं० १०५० सिद्ध होता है तथा अजितसेनाचार्यके समयका द्योतक श्रवणवेलगोलाके एक शिलालेखका 'गुणाः कुन्दस्पन्द०' यह जो श्लोक उद्धृत किया गया है उससे श्रीअजितसेनके समकालीन श्रीचमुंडरायका समय ग्यारहवीं शदीसे पूर्व निश्चित होता है वही समय श्रीचामुंडरायके समकालीन भगवान नेमिचन्द्र सिद्धांतचक्रवर्तीका सिद्ध होता है जो प्रायः पुराणतिलकमें उल्लिखित नेमिचंद्रजी के समयके साथ मिल जाता है इसलिये इन दोनों प्रमाणोंका प्रायः एक ही प्रमेय हो जानेसे नाथूरामजी प्रेमीने जो भगवान नेमिचन्द्रका समय शक सं० ९१५ वि० सं० १०५० लिखा है वह युक्त हो सकता है सो ठीक नही क्योंकि पं० जवाहरलालजी शास्त्रीने मळवार काटलीरिव्यूमें थामस सी राईस द्वारा लिखित 'कर्णाटकमें जैनियोंका निवास' नाम लेखके आधारसे विल्लाल वंशके स्थापक श्रीचामुंडरायका राज्य सन् ७१४ ईस्वी लिखा है उन्हीं शास्त्रीजीने मराठी भाषाके 'तत्त्व प्रसारक' नामक समाचार पत्रमें प्रकाशित 'श्रवणवेलगोलाका इतिहास' नामक लेखके आधारसे श्रीचामुण्डरायका समय शकसंवत ७७७ लिखा है। चामुण्डराय और भगवान नेमिचन्द्र सि० च० जब समकालीन हैं तब भगवान नेमिचंद्रका भी यही समय सिद्ध हो जाता है। तथा प्रेमीजीने भी दिगम्बरजैन ग्रंथकर्ता और उनके ग्रंथ इस पुस्तकमें भगवान नेमिचन्द्रका समय वि० सं० ७६४ लिखा है इसलिये इन तीनों प्रमाणोंकी प्रायः समानता होजानेसे बाहुबलि चरितके लेखकी ही सत्यता जान पडती है। इन तीनोंके द्वारा जो भगवान नेमिचन्द्रका समय निश्चित है वह बाहुबलि चरितकी छायाके ही आधार पर ही निश्चित किया गया होगा यह भी बात कम अनुभवमें आती है। जो हो, भगवान नेमिचन्द्र सि० च० कब हुए ? यह बात सर्वथा निश्चित रूपसे नही कही जा सकती अस्तु। नेमिचन्द्र सिद्धांतचक्रवर्तीने कई जगह वीरनंदी आचार्यका स्मरण किया है यथा—

"जस्स य पायपसाएणणंतसंसारजलहिमुत्तिण्णो। वीरिंदणंदिवच्छो णमामि तं अभयणंदिगुरुं ॥"

'णमिऊण अभयणंदिं सुदसागरपारगिंदणंदिगुरुं। वरवीरणंदिणाहं पयडीणं पच्चयं वोच्छं ॥"

"णमह गुणरयणभूसणसिद्धंतामियमहद्धिभवभावं। वरवीरणंदिचंदं णिम्मलगुणमिंदणंदिगुरुं ॥"

इन्हीं वीरनंदीका स्मरण वादिराजसूरिने भी किया है—

चन्द्रप्रभाभिसंवद्धा रसपुष्टा मनःप्रियं।
कुमुद्वतीव नो धत्ते भारती वीरनंदिनः ॥ पार्श्वनाथचरित्र प्रथमसर्ग ३०

वादिराज सूरिने पार्श्वनाथ काव्यकी पूर्ति शक संवत् ९४७ में की है यह उसीकी अंतिम प्रशस्तिके इस पद्यसे मालूम होता है—

शाकाब्दे नगवारिरंध्रगणने संवत्सरे क्रोधने, मासे कार्तिकनाम्नि बुद्धिमहिते शुद्धे तृतीयादिने ॥

सिंहे पाति जयादिके वसुमतीं जैनीकथेयं मया, निष्पत्तिं गमिता सती भवतु वः कल्याणनिष्पत्तये ॥

अर्थात् शक संवत् ९४७ क्रोधन संवत्सरकी कार्तिक शुक्ला तृतीयाको पार्श्वनाथ काव्य पूरा किया। इससे यद्यपि यह जान पडता है कि शक संवत् ९४७ से पहिले वीरनंदी स्वामीका अस्तित्व था। तथा वीरनंदि आचार्यने अभयनंदीको गुरु स्वीकार किया है और भगवान नेमिचंद्र सि० च० भी उनका गुरुरूपसे स्मरण करते हैं इसलिये वीरनंदी और भगवान नेमिचंद्र सि० च० दोनोंही समकालीन सिद्ध होते हैं परन्तु यह नहीं कहा जासकता कि शक संवत् ९४७ से पहिले पुराणतिलकके लेखानुसार शक सम्वत् ९१५ में भगवान नेमिचन्द्रका अस्तित्व था वा बाहुबलि चरितके अनुसार शक संवत् ६०० में था ? क्योंकि ये दोनोंही समय शक संवत् ९४७ से पहिलेके हैं।

गोम्मटसारकी गाथाओंका उल्लेख प्रमेयकमलमार्तंडमें भी मिलता है यथा—

विग्गहगदिमावण्णा केवलिणो समुहदो अजोगी य।
सिद्धाय अणाहारा सेसा आहारिणो जीवा ॥

श्रीप्रभाचंद्राचार्यने प्रमेयकमलमार्तंडकी रचना भोजराजके समयमें की है क्योंकि उसके अन्तमें यह लेख है—

श्रीभोजदेवराज्ये श्रीमद्धारानिवासिना परापरपरमेष्ठिप्रणामोर्जितामलपुण्यनिराकृतनिखिलमलकलंकेन श्रीमत्प्रभाचन्द्रपंडितेन निखिलप्रमाणप्रमेयस्वरूपोद्योतपरीक्षामुखपदमिदं विवृतमिति।

धारा नगरीके अधिपति भोजराजाका समय विक्रमकी ग्यारहवीं शदी निश्चित है इससे यही मालूम होता है कि भगवान नेमिचंद्रका समय ग्यारहमी शदीसे पहिलेका है परंतु वह क्या और क्यों है ? यह बात संदिग्ध ही है। इसलिये यहां तक लिखनेसे यह बात सिद्ध हो चुकी कि भगवान नेमिचंद्रका समय न शकसंवत् ९१५ ही माना जा सकता है और न शक संवत् ६०० ही माना जा सकता है। दोनोंकी पुष्टि अन्य अन्य प्रमाणोंसे भी होती है इसलिये भगवान नेमिचंद्रका समय निश्चित रूपसे बतलानेके लिये हम सर्वथा असमर्थ हैं। आश्चर्यकी बात है कि आजकल लोग दो दो पैसेकी पुस्तकोंका संशोधनमात्र करदेने पर भी उनकी अपने किये कार्यमें गणना कर संवत् मिती आदिके साथ दुनियांमें बडेभारी लेखक और विद्वान कहानेके लिये परिपूर्ण प्रयत्न करते हैं और भगवान नेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती सरीखे प्रखर विद्वान जिनके कि बनाये ग्रन्थोंके नामका भी अर्थ नहीं समझा जासकता उन्होंने अपने समयतकका उल्लेख नहीं किया। मालूम होता है उन्हें अपनी कीर्तिकी कोई आवश्यकता न थी उन्हे यह ख्याल था कि हमारी कृतिसे ही हमारी प्रामाणिकता होगी। ठीक है, विद्वत्ता इसीका नाम है।

भगवान नेमिचन्द्र सिद्धांत चक्रवर्तीके बनाये हुए ग्रन्थ गोम्मटसार, त्रैलोक्यसार क्षपणासार लब्धिसार द्रव्यसंग्रह हैं। ये इनकी असाधारणता और सिद्धांतचक्रवर्तीपनेको बडी शानसे प्रगट कर रहे हैं। इन ग्रन्थोंमें प्रायः गणितके आधारसे बडी विद्वत्ताके साथ पदार्थोंकी सिद्धि की है

गणितकी इस अप्रतिम विद्वत्तासे, नहीं मालूम पड़ता भगवान नेमिचन्द्र सि० च० का श्रुतज्ञान कितना बलवान न होगा । इन पवित्रात्माकी गणितहीमें लोकोत्तर निष्णातता थी यही न समझलेना चाहिये किंतु सर्वविषयके ये अप्रतिम उद्भट विद्वान थे ।

ऊपर जो हम यह लिख आये हैं कि एक दंत कथासे यह प्रसिद्ध है कि श्रीगोम्मटसारजीका उदय श्रीचामुंडरायके निमित्तसे हुआ है, वह दंत कथा इसप्रकार है— एकबार श्रीनेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती धवलादि महासिद्धांत ग्रथोंमेंसे किसी सिद्धांत ग्रंथका स्वध्याय कर रहे थे । उसीसमय गुरुका दर्शन करनेकेलिये श्रीचामुंडरायको आता देख श्रीनेमिचन्द्र सिद्धांतचक्रवर्तीने स्वाध्याय करना वन्द करदिया । जब चामुंडरायने यह बात देखी तो भगवान नेमिचन्द्रको नमस्कार कर पूछा—भगवन् ! आपने मेरे आते ही स्वाध्याय करना क्यों वन्द कर दिया ? उत्तरमें भगवान नेमिचन्द्र सि० च० ने कहा इन महासिद्धांत ग्रन्थोंके सुननेका श्रावकोंको अधिकार नहीं । श्रीचामुंडरायने फिरसे निवेदन किया । हम इन महासिद्धांत ग्रन्थोंका ज्ञान कैसे प्राप्त कर सकते हैं ? कृपया हमें भी ऐसा कोई उपाय वतला दीजिये कि हम भी इन महासिद्धांत ग्रन्थोंके महत्त्वका अनुभव करसकें । वस, इसीपर भगवान नेमिचन्द्र सिद्धांत चक्रवर्तीने समस्त सिद्धांतोंका सार ग्रहणकर इस परमोपयोगी श्रीगोम्मटसारजी ग्रन्थकी रचना की थी ।

इस ग्रन्थका दूसरा नाम पंचसंग्रह भी है क्योंकि इसमें महाकर्मप्राभृतकसिद्धांत संबंधी जीवस्थान क्षुद्रबंध बंधस्वामी वेदनाखंड वर्गणाखंड इन पांच विषयोंका वर्णन है । यद्यपि श्रीगोम्मटसार ग्रथके कर्ता भगवान श्रीनेमिचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती ही हैं तथापि संस्कृतटीकामें दी गई उत्थानिकासे यह वात जानी जाती है कि कुछ गाथा माधवचंद्र त्रैविद्यदेवकी लिखी हुई भी इसमें संकलित हैं । तीन विद्याके अप्रतिम विद्वान होनेके कारण इनको त्रैविद्यदेवकी उपाधि थी ऐसा जानपडता है ।

टीकायें ।

पहिली चामुंडराय कृत कर्णाटकवृत्ति १ दूसरी उसीके आधार पर श्रीमान् केशववर्णीकृत जीवतत्त्वप्रदीपिका २ तीसरी आचार्य अभयचंद्र सिद्धांतचक्रवर्तीकृत मंदप्रबोधिका चौथी स्वर्गीय पं० टोडरमल्लजी कृत सम्यग्ज्ञानचंद्रिका भाषा टीका इस प्रकार इस ग्रंथराज श्रीगोम्मटसार पर चार टीका हैं ऐसा पं० खूबचंद्रजी शास्त्रीने लिखा है परन्तु एक संस्कृत टीकाका समाचार हमे धर्मभूषण श्रीमान् ब्रह्मचारी शीतलप्रसादजीके पत्रसे मालूम हुआ जो किसी भट्टारककी बनाई हुई (ठीक याद नहीं) उन्होंने लिखी थी और वह जीवतत्त्वप्रदीपिका और मंदप्रबोधिका नामक दोनों संस्कृत टीकाओंसे भिन्न है ऐसा सूचित किया था । हमारे पासमें जो डेकिन कालेजकी प्रति थी उसमें २०० पृष्ठ किसी अन्य ही संस्कृत टीकाके थे जो उक्त दोनों संस्कृत टीकाओंसे विलक्षण टीका थी । श्रीमान ब्रह्मचारीजीने जिस टीकाका उल्लेख किया था शायद यह वही टीका हो, यह भी निश्चित रूपसे नहीं कहा जा सकता । वस इनके सिवाय ग्रंथराज श्रीगोम्मटसारकी अन्य किसी टीकाका हमें पता नहीं ।

केशववर्णी ।

जीवतत्त्वप्रदीपिकाके कर्ता प्रखर विद्वान केशववर्णी हैं । भांडारकरकी रिपोर्टके आधार पर पं० नाथूरामजी प्रेमीने "दिगंबरजैनग्रंथकर्ता और उनके ग्रंथ" नामक पुस्तकमें लिखा है कि जीवतत्त्वप्रदीपिका टीका वि० सं० १२२७ ज्येष्ठ सुदी ५ आदित्यवारको पूर्णकी है । परन्तु श्री गोम्मटसारकी प्रशस्तिमें इस बातका कुछ भी उल्लेख नहीं इसलिये केशववर्णीका समय वि० सं० १२२७ ही समझना चाहिये । गोम्मटसारकी प्रशस्तिमें केशववर्णीने कोई अपना खुलासा परिचय नहीं दिया इसलिये हम इनके समय आदिके विचार करनेमें असमर्थ हैं । मारंभमें ही—

नेमिचन्द्रं जिनं नत्वा सिद्धं श्रीज्ञानभूषणं ।
वृत्तिं गोम्मटसारस्य कुर्वे कर्णाटवृत्तितः ॥

इस पद्यमें केशववर्णीने श्रीज्ञानभूषणका उल्लेख किया है और प्रशस्तिमें उनका गुरुत्वेन स्मरण किया है मालूम नहीं ये श्रीज्ञानभूषण कब हुए हैं ? तत्त्वज्ञानतरंगिणी आदि ग्रंथोंके कर्ता वि० सं० १५७५ में जो ज्ञानभूषण भट्टारक हो गये हैं वे तो ये माने नहीं जा सकते, क्योंकि केशववर्णीके समयमें और उनके समयमें शदियोंका अंतर है ।

अभयचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती ।

मन्दप्रबोधिका टीकाके कर्ता श्री अभयचंद्र सिद्धांतचक्रवर्ती हैं ये कहां और कब हुए कुछ भी नहीं पता चलता ।

बा० नाथूरामजी प्रेमीने दिगं० उनके ग्रंथ इस पुस्तकमें लिखा है कि अभयचंद्र सिद्धांतचक्रवर्तीने गोम्मटसार कर्मकांडकी टीका ७००० श्लोकोंमें और जीवकांडकी ८००० श्लोकोंमें बनाई है । यह बात ठीक नहीं मालूम होती क्योंकि इनकी बनाई मंदप्रबोधिका टीकामें ३८३ वीं ज्ञान-मार्गणाकी गाथाकी टीकाके अंतमें लिखा हुआ है कि— "श्रीमदभयचन्द्रसैद्धांतचक्रवर्तिविहितव्याख्यानं विश्रांतमिति कर्णाटवृत्त्यनुरूपमय-मनुवदति" इसलिये अभयचन्द्र त्रैविद्य द्वारा यहीं तक टीका बनी हुई निश्चित होती है और आगे जो यह पूरी की है वह किसी नेमिचंद्र नामक ज्ञानभूषण भट्टारकके शिष्यने पूरी की है यह बात अभयचंद्रनामांकित टीकाके आधारपर प्रशस्तिकी टिप्पणीकी प्रशस्तिमें दी है । शायद नाथूरामजी प्रेमीने पूरी प्रति देखकर और उसकी प्रशस्ति न पढकर वैसा लिख दिया होगा ।

पं० टोडरमल्लजी ।

हमें इनके जीवन चरित्रका पता नहीं अपनी प्रशस्तिमें इन्होंने सिर्फ यह लिखा है कि मैं जयपुरका रहनेवाला हूं राजमल्ल साधर्मी जैनकी कृपासे भाषाटीकाकी रचना की गई है और यह संवत १८१८ में पूर्ण हुई है । इसलिये इनके विषयमें विशेष उल्लेख करनेकेलिये हम असम हैं । इनकी फोटोका ब्लाक और जीवन चरित्रकी सामग्री प्राप्त हो सकती है इसलिये जिस समय वह सामान प्राप्त हो जायगा मय फोटोके-जीवन चरित्र पाठकोंकी सेवामें भेजदेंगे ।

सम्पादक ।

श्रीगोम्मटसारके जीवकांडीय अधिकारोंकी सूची।

शुद्धि-अशुद्धिपत्र।

जीवकांड।

अशुद्धि	शुद्धि	पत्र	पंक्ति
९४२	३४२	३४२	३
८४३	३४३	३४३	३
वेणूव	वेणुव	४१३	६
देसावहिस्स	देसवहिस्स	८०२	४
पृथ्वी पर्यंत देखे हैं	पृथ्वी पर्यंत देखे हैं, बहुरि सनत्कुमार माहेंद्रवाले दूसरी पृथ्वीपर्यंत देखे हैं	८५२	७
धम्माधमादीणां	धम्माधम्मादीणां	१०१५	१
१-२-३-४	२३७, २३८, २३९, २४०	२३७ से २४०तक	३

अर्थ संदृष्टि अधिकारकी विषय सूची ।

जीवकांड ।

जीवकांडीय अर्थ संदृष्टि अधिकारके फुटकर यंत्रोंकी सूची ।

गोम्मटसारकी विषयसूची।

इति पीठिकाविषयसूची।

ग्रंथविषयसूची।

जीवकांड।

इति जीवसमासप्ररूपणा ।

अथ पर्याप्तिप्ररूपणा ।

इति जीवकांडविषयसूची समाप्त ।

कर्मकांड प्रकरण।

इति प्रकृतिसमुत्कीर्तनाधिकारः।

अथ बंधोदयसत्त्वाधिकारः।

इति प्रकृतिबंधः ।

अथ स्थितिबंधः ।

इति स्थितिबंध प्रकरण।

अथ अनुभागबंधप्रकरण।

अथ उदय प्रकरण ।

अथ सत्ताप्रकरण।

इति बंधोदयसत्व निरूपण।

अथ सत्वस्थान भंगाधिकार।

इति सत्वस्थानभंगप्ररूपण ।

अथ त्रिचूलिका अधिकार ।

इति त्रिचूलिकाधिकार ।

अथ आस्रवाधिकार ।

इति आस्रवाधिकार ।

अथ भावचूलिकाधिकार ।

अर्थसंदृष्टि अधिकारकी

विषय सूची।

(कर्मकांड)

इति।

कर्मकांडके अर्थसंदृष्टि अधिकारके

फुटकर यंत्रोंकी सूची।

गोम्मटसारके जीवकांडीय गाथा सूत्रोंकी

अकारादि क्रमसे सूची।

आ

(त)

(ह)

(ओ)

(ह)

इति कर्मकाण्डीयगाथासूची ।

ॐ

अथ अर्थसंदृष्टि अधिकार ।

शुद्धात्मानमनेकांतं साधुमुत्तममंगलं । बंदे संदृष्टिसिद्ध्यर्थं संदृष्ट्यर्थप्रकाशकं ॥ १ ॥ (त्र्यर्थकमिदं)

पंचसंग्रहसद्वृत्तं त्रिलोकीसारदीपकं । माधवादिस्तुतं स्तौमि नेमिचंद्रगुणोज्ज्वलं ॥ २ ॥ (पंचार्थकमिदं)

ऐसें मंगल करि अर्थ संदृष्टिनिका स्वरूप कहिए है—तहां विवक्षित द्रव्य क्षेत्र काल भावनिका जो प्रमाणादिक सो अर्थ है। अर्थकी जु संदृष्टि कहिए सहनानी सो अर्थ संदृष्टि जाननी। जातैं गोम्मटसारादि ग्रंथनिविषै संदृष्टिनिकरि जो अर्थ प्रकट किया है सो संदृष्टिनिका स्वरूप जानै विना जाननेमें न आवै तातैं मेरी मति अनुसारि किंचिन्मात्र अर्थ संदृष्टिनिका स्वरूप कहौं हौं तहां जो किछू चूक होइ सो मेरि मंद बुद्धिकी भूलि जानि बुद्धिवंत कृपा करि शुद्ध करियो। जातैं जैसैं प्रकट रूप अनुक्रम लिये संदृष्टिनिका स्वरूप मंदबुद्धि करि भी जाननेमें आवै तैसैं गोम्मटसारादि प्रवर्त्तमान ग्रंथनिविषै लिख्या नाहीं, वा तिनके बतावनेवालेका निमित्त हुआ नाहीं, तिनि ग्रंथनितैं विधि मिलाय जहां जस्यो जैसैं मेरि मति विषै संभवता स्वरूप जान्या तैसैं ठीक करि इहां वर्णन करिए है। अर मेरि मति हीन है तातैं चूक होइगी ताके शुद्ध करनेके अर्थि विशेष विनती करौंहौ तहां कहीं पदार्थनिके नाम करि संख्याकी सहनानी हो है जहां जिस पदार्थका नाम लिख्या होइ तहां तिस पदार्थकी जितनी संख्या होइ तितनी तहां संख्या जाननी। जैसैं विधु शब्द करि एक जानना

जातैं दृश्यमान चंद्रमा एक है। बहुरि निधि शब्द करि नव जानना जातैं निधिका प्रमाण नव है। ऐसैं ही अन्य जानने। बहुरि कहीं अक्षरनिकौं अंकनिकी सहनानी करि संख्या कहिए है। ताका सूत्र--

कटपयपुरस्थवर्णैर्नवनवपंचाष्टकल्पितैः क्रमशः। स्वरञनशून्यं संख्यामात्रोपरिमाक्षरं त्याज्यं॥

अर्थ- ककारादि नव, टकारादि नव, पकारादि पांच, यकारादि आठ, इन अक्षरनिके क्रमतैं एक आदि अंकनिकी सहनानी है। जैसैं ककार करि एकका अंक, खकार करि दोयका अंक इत्यादि अक्षरनि करि अंक जानने।

क	ख	ग	घ	ङ	च	छ	ज	झ	ट	ठ	ड	ढ	ण	त	थ	द	ध	प	फ	ब	भ	म	य	र	ल	व	श	ष	स	ह
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१	२	३	४	५	१	२	३	४	५	६	७	८

बहुरि अकारादि स्वर वा ञकार वा नकार करि बिंदी जाननी। वा अक्षरकी मात्रा वा कोई ऊपर अक्षर होइ ताका प्रयोजन किछू ग्रहण न करना। सो व्यवहार पल्यकी वा पर्याप्त मनुष्यनिकी वा श्रुतज्ञान विषै पदनिकी इत्यादि संख्या इस सूत्रानुसार टीका विषै कही है सो तहां जाननी।

बहुरि प्रभृतिकी सहनानी ऐसी = है सो आदिके अंक वा अक्षर लिखि तीहिं प्रभृति कहिये आदि दे करि अन्य अंक वा अक्षरानिके ग्रहणके निमित्त तिनके आगे = ऐसी सहनानी हो है। जैसे पैंसठि हजार पांचसै छत्तीसकौं पणट्ठी कहिये तहां आदिके अंक छका पांचा लिखि आगे = ऐसी सहनानी कीये पणट्ठी की सहनानी ऐसी ६५ = हो है। ऐसैं ही बादालकी सहनानी ४२ = ऐसी इहां चौका दूवा आदि अंक जानि लेने। बहुरि एकट्ठीकी सहनानी १८ = ऐसी। इहां एक आठ आदि अंक जानने। बहुरि अक्षरनिकरि जैसे जघन्यकी सहनानी ऐसी ज =, इहां जकार आदि अक्षर जानने ऐसैं ही अन्य जाननी। बहुरि जहां आदि अर अंतके भेद तो लिखिये अर मध्यके भेद बहुत जानि न लिखिये तहां आदि अंतके भेदनिके बीचि केती इक बिंदी लिखिये तिनि बिंदीनिकरि मध्यके भेद ग्रहण करने। जैसे अंकसंदृष्टि करि कर्म स्थिति रचना विषैं आदिका नि-

षेक पांचसै वाराका, अंतका निषेक नवका लिखि वीच विंदी लिखी होंइ तहां तिनि विंदीनिकरि मध्यके सर्व निषेक जानि लेने ९

०

०

०

५१२

बहुरि कहीं नामका आदि अक्षर है सो सर्व नामकी सहनानी जाननी। जैसै लक्षकी 'ल' ऐसी कोटिकी 'को' ऐसी, जघन्यकी 'ज' ऐसी इत्यादि। बहुरि जहां दोय आदि नाम ग्रहण करने होंइ तहां दोय आदि नामनिके आदि अक्षर जानने। जैसैं लक्ष कोटिकी सहनानी 'ल, को' जघन्य ज्ञानकी ऐसी 'ज, ज्ञा' बहुरि कहीं एक ही नाम दोइ बार आदि कहना तहां नामका आदि अक्षरके आगै दोय आदि अंक लिखने। जैसै कोटाकोटी की सहनानी 'को२' ऐसी है। इत्यादि। बहुरि जहां दोय विशेषण ग्रहण करने होंइ तहां दोय सहनानी होइ। जैसैं द्वितीय मूलकी सहनानी ऐसी 'मू२' इत्यादि। बहुरि जहां तीनि विशेषण ग्रहण करने होंइ तहां तीनिकी सहनानी होइ। जैसैं अंतःकोटाकोटीकी सहनानी ऐसी 'अंको२' इत्यादि यथासंभव जानना। बहुरि कहीं विंदीकी सहनानी उपरि विंदी देना जानना। जैसैं पैंसाठि हजारकी सहनानी ऐसी '६५ ३ इहां तीनके अंक उपरि विंदी दैनेतैं पैंसाठि आगै तीन विंदी जाननी। ऐसैं अन्य भी अनेक प्रकार सहनानी यथासंभव जाननी।

बहुरि अलौकिक गणित विषैं कहे जु संख्यामान अर उपमा मान तिनिकी संदृष्टि कहिए है— तहां सामान्यपनै संख्यातकी सहनानी ऐसी १ असंख्यातकी ऐसी a बहुरि अनंतकी 'ख' ऐसी है। बहुरि विशेषपनै जघन्य संख्यातकी सहनानी अपने प्रमाणरूप दोयका अंक २ है। बहुरि मध्य संख्यातकी सहनानी अनेक प्रकार

है जातैं मध्यके भेद बहुत हैं। बहुरि उत्कृष्ट संख्यातकी सहनानी पंद्रह का अंक '१५' है जातैं जघन्य परीतासंख्याततैं एकघाटि याका प्रमाण है। बहुरि जघन्य परीतासंख्यातकी सहनानी सोलह का अंक है १६। बहुरि मध्य परीतासंख्यातकी सहनानी बहुत प्रकार है बहुरि उत्कृष्ट परीतासंख्यात की सहनानी १ ‿ ऐसी है। जातैं
२

जघन्य युक्तासंख्याततैं याका प्रमाण एक घाटि है सो एक घाटिकी उपरि सहनानी १ ‿ ऐसी जाननी। बहुरि जघन्य युक्तासंख्यातकी सहनानी दोयका अंक २ है। सोई आवलीकी सहनानी दोयका अंक २ है जातैं आवली के समय जघन्य युक्तासंख्यात प्रमाण हैं। बहुरि मध्यम युक्तासंख्यात की सहनानी अनेक प्रकार है। बहुरि उत्कृष्ट युक्तासंख्यात की सहनानी ऐसी १ ‿ जातैं जघन्य असंख्यातासंख्याततैं एक घाटि याका प्रमाण है
४

बहुरि जघन्य असंख्यातासंख्यातकी सहनानी च्यारिका अंक ४ है। सोई प्रतरावलीकी सहनानी च्यारिका अंक ४ है जातैं जघन्य युक्तासंख्यातका वर्गमात्र दोऊनिका प्रमाण है। बहुरि मध्य असंख्यातासंख्यातके भेदनिविषै घनावली की सहनानी आठका अंक ८ है जातैं आवलीका घन प्रमाण घनावली है। अन्य भेदनिकी अनेक प्रकार है। बहुरि उत्कृष्ट असंख्यातासंख्यातकी सहनानी ऐसी १ ‿ है। अथवा २५५ ऐसी है, जातैं जघन्यपरी-
२५६

तानंततैं याका एक घाटि प्रमाण है बहुरि जघन्य परीतानंतकी सहनानी दोयसै छप्पन का अंक २५६ है।
१ ‿

बहुरि मध्य परीतानंतकी बहुत प्रकार है बहुरि उत्कृष्ट परीतानंतकी ऐसी ज जु अ है। जातैं जघन्य युक्तानंततैं एक घाटि याका प्रमाण है। बहुरि जघन्य युक्तानंतकी सहनानी ज जु अ ऐसी है। इहां जघन्य अर प्राकृतविषै जुत अर अनंत इन तीनों विशेषणनिके आदि अक्षरनिकरि संदृष्टि जाननी। बहुरि मध्य युक्तानंतकी बहुत

प्रकार है। बहुरि उत्कृष्ट युक्तानंतकी सहनानी ज जु अ व ऐसी है। जातैं जघन्य अनंतानंततैं एक घाटि याका प्रमाण है। बहुरि जघन्य अनंतानंत की सहनानी 'ज जु अ व' ऐसी है। जातैं जघन्य युक्तानंतका वर्गमात्र याका प्रमाण है सो इहां वर्ग की सहनानी आगै वकार जानना। बहुरि मध्य अनंतानंतके भेदनिविषै जीवराशि प्रमाणकी सहनानी सोलहका अंक १६ है। तहां भी संसारी जीवराशि प्रमाणकी तेरहका अंक १३ है सिद्ध राशि प्रमाणकी तीनका अंक ३ है। बहुरि जीवराशितैं अनंत गुणा पुद्गल राशिकी संदृष्टि १६ ख ऐसी है। बहुरि यातैं अनंत गुणा काल समय राशिकी १६ ख ख ऐसी है। बहुरि यातैं अनंतगुणा आकाश प्रदेशराशिकी १६ ख ख ख ऐसी है। इन विषै अनंतका गुणकारकी सहनानी आगै ख ऐसी क्रमतैं जाननी। बहुरि केवल ज्ञानका प्रथम मूलकी संदृष्टि 'के मू १' ऐसी है। ताहीके द्वितीय मूलकी 'के मू २' ऐसी इत्यादि मध्य अनंतानंतकी संदृष्टि बहुत प्रकार है। बहुरि उत्कृष्ट अनंतानंत की संदृष्टि के ऐसी है जातैं केवल ज्ञान मात्र याका प्रमाण है। सो ताका आदि अक्षर की सहनानी जाननी। ऐसैं संख्यामान की संदृष्टि कही।

अब उपमामानकी संदृष्टि कहिये है। तहां पल्यकी संदृष्टि आदि अक्षर रूप 'प' ऐसी है। सागरकी आदि अक्षर रूप 'सा' ऐसी है। सूच्यंगुलकी दोयका अंक २ है। प्रतरांगुलकी च्यारिका अंक ४ है। घनांगुलकी छहका अंक ६ है। जगच्छ्रेणीकी ऐसी — है जगत्प्रतरकी ऐसी = है। घनलोककी ≡ ऐसी है। बहुरि जगच्छ्रेणी का सातवां भागमात्र रज्जू ताकी संदृष्टि ७ ऐसी है। भागहारकी सहनानी नीचै सर्वत्र जाननी। बहुरि रज्जु प्रमाण प्रतर क्षेत्रकी =/४९ ऐसी है यहां जगत्प्रतरकौं ४९ का भाग जानना बहुरि रज्जु प्रमाण घन क्षेत्रकी ≡/३४३ ऐसी है। इहां घनलोककौं तीनसै तियालीसका भाग जानना। बहुरि पल्यके अर्धछेद राशिकी छे ऐसी संदृष्टि है। बहुरि पल्यकी वर्गशलाका राशिकी व ऐसी है। बहुरि सागरके अर्धच्छेद राशिकी ७/छे ऐसी है जातैं पल्यके

अर्धच्छेदनितैं याके अर्धच्छेद संख्याते अधिक हैं सो संख्यात अधिककी संदृष्टि उपरि ७ ऐसी जाननी । बहुरि सागरकी वर्गशलाका है नाही । बहुरि सूच्यंगुलकी अर्धछेदराशिकी संदृष्टि छे छे ऐसी है इहां पल्यके अर्धच्छेदनिकै पल्यके अर्धछेदनिका गुणकारकी सहनानी जाननी बहुरि सूच्यंगुलका वर्गशलाका राशिकी व २ ऐसी है। जातैं पल्यकी वर्गशलाकातैं दूणा याका प्रमाण है। सो आगे दोयका गुणकारकी सहनानी जाननी बहुरि प्रतरांगुलके अर्धछेद राशिकी छे छे २ ऐसी है । जातैं सूच्यंगुलके अर्धछेदानितैं दूणा याका प्रमाण है तातैं आगे दोयका गुण-
१—
कार जानना । बहुरि प्रतरांगुलका वर्गशालका राशिकी संदृष्टि व २ ऐसी है जातैं सूच्यंगुलकी वर्गशलाकातैं एक अधिक है सो ऊपरि एक अधिककी सहनानी जाननी । बहुरि घनांगुलका अर्धच्छेद राशिकी संदृष्टि छे छे ३ ऐसी है । जातैं सूच्यंगुलके अर्धच्छेदराशितैं तिगुणा है । सो आगे तीनका गुणकारकी सहनानी जाननी । बहुरि घनांगुलकी वर्गशलाका राशि सूच्यंगुलकी वर्गशलाकाके समान है । तातैं ताकी सोई संदृष्टि है व २ । जातैं द्विरूपवर्गधाराविषै जेते स्थान भए सूच्यंगुल हो है ते ते ही स्थान भएं द्विरूप घनधारा विषे घनांगुल हो है । बहुरि जगच्छ्रेणीका अर्द्धच्छेद राशिकी संदृष्टि छे छे छे ३ ऐसी है अथवा वि छे छे ३ ऐसी है । इहां
a
पल्यका अर्द्धच्छेद राशिका असंख्यातवां भागकी संदृष्टि छे ऐसी, अथवा तीह प्रमाण जो विरलनराशि
a
ताकी संदृष्टि वि ऐसी, ताके आगे घनांगुलके अर्द्धच्छेद राशिका गुणकार जानना । बहुरि जगच्छ्रेणीका वर्ग शलाकाकी संदृष्टि व ऐसी, इहां पल्यकी वर्गशलाका ऐसी 'व' ताकौं दूणा जघन्य परीतासंख्यात
१६।२
व २
की १६।२ ऐसी, ताका भाग दीये जो प्रमाण होइ तीहि करि अधिक जो घनांगुलकी वर्गशलाका व २ ऐसी

तींहिमात्र प्रमाण जानना। बहुरि जगत्प्रतरका अर्धच्छेद राशिका संदृष्टि छे छे छे ६ ऐसी अथवा 'वि छे छे३'
a

ऐसी, जातैं जगच्छ्रेणीका अर्धच्छेद राशितैं यहु दूणा है तातैं तीनकी गुण कारकी जायगा छहका गुणकार
१—

जानना। बहुरि जगत्प्रतरका वर्गशलाका राशि की संदृष्टि व ऐसी, जातैं जगच्छ्रेणीकी वर्गशलाकातैं एक
१६ । २
व २

अधिक है। सो इहां एक अधिक की ऊपर सहनानी जाननी। बहुरि घनलोकका अर्धच्छेद राशिकी संदृष्टि 'छे छे छे ९ ऐसी, अथवा 'वि छे छे ९ ऐसी, जातैं जगच्छ्रेणी का अर्धच्छेद राशि तैं यहु तिगुणा है तातैं
a
तीनकी जायगा नवका गुणकार जानना। बहुरि घनलोक का वर्गशलाका राशि जगच्छ्रेणी की वर्ग शलाका राशिके समान ही है। ताकी संदृष्टि व ऐसी है। जातैं द्विरूप घन धारा विषै जेते स्थान भएँ जगच्छ्रेणी हो
१६ । २
व २

है ते ते ही स्थान द्विरूप घनधारा विषै भए घनलोक हो है। ऐसैं उपमा प्रमाण की संदृष्टि कहीं।

इहा प्रश्न—जो आवली आदि की अर सूच्यंगुल आदिकी संदृष्टि परस्पर समान हैं तिनका जुदा जुदा ज्ञान कैसैं होइ? ताका समाधान—जैसै सारंगादि एक शब्दके अनेक अनेक अर्थ हो हैं परंतु जैसा जैसा जहां संबंध होइ, तैसा तैसा ग्रहण होइ, तैसैं एक संदृष्टि अनेक अर्थनिकी हो है परंतु जैसा जहां संबंध होइ तैसा तहां ग्रहण करना। बहुरि कहीं विवक्षित संदृष्टि जाननी। जैसैं कहीं संख्यातकी सहनानी च्यारिका

अंक ९ है, कहीं पांचका अंक ५ है। कहीं असंख्यात की सहनानी नवका अंक ९ है। कहीं आवलीका असंख्यातवां भागकी सहनानी नवका ९ अंक है इत्यादि यथा संभव संदृष्टि जाननी। ऐसैं मान की संदृष्टिका स्वरूप किंचिन्मात्र जानना।

अथ संकलनादिककी संदृष्टि कहिये है–तहां संकलन जो राशिविषै राशिका जोडना। तहां जेता राशि विषै राशिका जोडना होइ, तितना राशि कौं ऊपर लिखिए अथवा मूलराशिके ऊपर मिलावने योग्य धन राशि-

१

कौं लिखि तहां पूछडीकासा आकार करिए ऐसै संदृष्टि हो है। जैसै एक अधिक लक्षकी सहनानी ल ऐसी,

१–　　　२–　　　≡

अथवा ल ऐसी। दोय अधिक लोक की ऐसी ≡ बहुरि घन लोक करि अधिक अनंत की ऐसी ख इत्यादि यथासंभव जाननी। बहुरि जहां दोय राशि आदि मिलावने होंइ, तहां दोय राशि आदि ऊपर लिखिये। जैसै एक प्रमाण काल द्रव्य, अर धर्मादि तीन द्रव्य दोय राशि पुद्गल राशि विषैं मिलायें अजीव द्रव्यके परिमाण

≡

की संदृष्टि ३ ऐसी हो है। इत्यादि यथासंभव जाननी। बहुरि किंचित् अधिक की संदृष्टि ऊपर '।' ऐसी जा-

१६।ख　　　।

ननी। जैसैं किंचित् अधिक अनंतकी संदृष्टि ख ऐसी इत्यादि। बहुरि कहीं सामान्यपनै एक दोय आदि राशि मिलावना होइ, तहां एक दोय आदि ऊभी लीक की ऊपर संदृष्टि होइ। जैसैं संख्यातके ऊपरि कोई दोय राशि मिलावना होय तहां ॥ ऐसी संदृष्टि होइ है। इत्यादि जाननी। बहुरि व्यवकलन जो राशि विषैं घटा-

१

वना, ताकी संदृष्टि कहिए है–जितना घटावना होइ तितना राशिके ऊपर लिखि अथवा तींहिस्यों लगाय

पूछडीकासा आकार करि ऊपरि विंदी देनी। जैसैं एक घाटि कोटिकी संदृष्टि ० ऐसी अथवा १ ‒ ऐसी, एक

० १ को

२ को

१ ‒

घाटि अनंतकी ख ऐसी, दोय घाटि घन लोककी ≡ ऐसी इत्यादि। बहुरि कहीं राशिके नीचैं विंदी देइ ताके नीचै जितना घटावना होइ तितना लिखिए ऐसैभी संदृष्टि होए हैं जैसै एक घाटि लक्षकी ल ऐसी इत्यादि।

०
१

बहुरि कहीं राशिके आगैं – ऐसैं लिखि ताकै आगै जितना घटावना होइ तितना लिखें भी संदृष्टि हो है। जैसै दोय लक्षकी ल–२ ऐसी इत्यादि। बहुरि कहीं राशिके आगे ~ ऐसैं लिखि ताके आगै जितना घटावना होइ तितना लिखे भी संदृष्टि हो है। जैसै दोय घाटि कोटिकी को~२ ऐसी इत्यादि। बहुरि कहीं प्रमाण लिखि ताके ऊपरि विंदी दीयें ऋण राशिकी संदृष्टि हो है। जैसैं कोटि विषै दोय ऋणकी संदृष्टि को ० ऐसी। बहुरि जहां

२

सामान्यपनै किंचित् घटावना होइ तहां राशिके आगै– ऐसी संदृष्टि जाननी। जैसैं किंचित् ऊन अनंतकी संदृष्टि ख– ऐसी इत्यादि। बहुरि जहां राशिमैस्यों सामान्यपनैं दोय आदि राशि घटावने होंइ तहां दोयवार आदि तैसी संदृष्टि राशिके आगै जाननी। जैसैं विकलेंद्री सकलेंद्री ए दोय राशि रहित संसारी जीव प्रमाण एकेंद्री जीवराशिकी संदृष्टि १३ = ऐसी इत्यादि। बहुरि कहीं राशिके आगै वा नीचै जितना घटावना होइ तितना लिखि करि तिस घटावने योग्य राशितैं लगाय धनराशि पर्यंत ऐसैं लिखि भी संदृष्टि हो है। जैसै पांच घाटि लक्षकी ल ⌣ ५ ऐसी, अथवा ल) ऐसी। बहुरि पल्यकी वर्गशलाकाका अर्धच्छेद करि

५

हीन पल्यका अर्धच्छेदराशिकी छे व छे ऐसी इत्यादि। बहुरि गुणकारकी संदृष्टि आगै लिखना है जाकौं गुणि-

२

ए तिस गुण्यके आगे जाकरि गुणना होइ तिस गुणकारकौं लिखिए । जैसे पांचगुणा लाखकी संदृष्टि ल ५ ऐसी संख्यात गुणा पल्यकी प १ ऐसी असंख्यातगुणा पल्यकी प a ऐसी याकौं भी असंख्यात गुणा कीयें प a a ऐसी । बहुरि संख्यातगुणा आवली की २ १ ऐसी । सो ऐसी ही अंतर्मुहूर्त्त की संदृष्टि है । जातैं अंतर्मुहूर्तका प्रमाण संख्यात आवली मात्र है याकौं संख्यात गुणा कीयें २ १ १ ऐसी. बहुरि संख्यातगुणा घनांगुलकी ६ १ ऐसी बहुरि असंख्यात गुणा लोककी ≡ a ऐसी याकौं असंख्यात लोक करि गुणै ≡ a ≡ a ऐसी । बहुरि असंख्यात गुणी जीवराशिकी १६ ख ऐसी इत्यादि यथासंभव जाननी । बहुरि भागहारकी संदृष्टि नीचै लिखना है । जाकौं भाग दीजिये ऐसा भाज्य राशिकौं ऊपरि लिखि जाका भाग देना होइ तिस भागहारकौं ताके नीचें लिखिये । जैसे कोटिका पांचवां भागकी संदृष्टि $\frac{को}{५}$ ऐसी पल्यका संख्यातवां भागकी $\frac{प}{१}$ ऐसी, पल्यका असंख्यातवां भागकी $\frac{प}{a}$ ऐसी, सूच्यंगुलका असंख्यातवां भागकी $\frac{२}{a}$ ऐसी, आवलीका असंख्यातवां भागकी $\frac{२}{a}$ ऐसी सो यथाठिकाने जाननी । घनांगुलका असंख्यातवां भागकी $\frac{६}{a}$ ऐसी घन लोकके असंख्यातवां भागकी $\frac{≡}{a}$ ऐसी, जगच्छ्रेणीका संख्यातवां भागकी $\frac{-}{१}$ ऐसी, जीवराशिका अनंतवा भागकी $\frac{१६}{ख}$ ऐसी, केवल ज्ञानका अनंतवां भागकी $\frac{के}{ख}$ ऐसी इत्यादि जाननी । बहुरि जहां अंशानिका ग्रहण करना होइ, तहां भी ऐसैं ही संदृष्टि जाननी । अंशनिके नीचें हारनिकौं लिखिये । जैसैं एकका तीसरा भाग की $\frac{१}{३}$ ऐसी, आधा की $\frac{१}{२}$ ऐसी, पौणकी $\frac{३}{४}$ ऐसी, यहां तीन चौथा भाग जानना । इत्यादि । बहुरि जहां रूप भी होइ अर अंश भी होइ, इन दोऊनिकौं

जुदे जुदे लिखिए वा समच्छेद विधानकरि मिलाइकरि लिखिये। जैसे ड्योढकी संदृष्टि १। १ ऐसी तहां एक
२
जुदा लिख्या आधा जुदा लिख्या अथवा मिलाएं ३ ऐसी इहां तीनकौं दोयका भाग जानना। इत्यादि। बहुरि वर्ग-
२
की संदृष्टि दोयवार लिखनी है। जाका वर्ग करना होइ ताकौं बराबर दोय वार लिखिए। जैसे पांचका वर्गकी संदृष्टि ५। ५ ऐसी वादालका वर्ग की ४२ = ४२ = ऐसी, अनंतका वर्गकी ख ख ऐसी, सूच्यंगुलका असंख्यातवां भागका वर्गकी २। २ ऐसी। इत्यादि बहुरि घनकी संदृष्टि तीनवार लिखना है। जाका घन करना
a a
होइ ताकौं तीनवार बरोवर लिखिये। जैसें आठका घनकी संदृष्टि ८।८।८। ऐसी, पणट्ठीका घनकी ६५ = ६५ = ६५ = ऐसी, असंख्यातका घनकी a a a ऐसी, घनांगुलका संख्यातवां भागका घनकी ६।६।६ ऐसी इत्यादि। बहुरि वर्गमूलकी संदृष्टि मू ऐसी है। तहां प्रथम वर्गमूलकी मू १ ऐसी, द्वितीय
१ १ १
वर्गमूलकी मू २ ऐसी, इत्यादि जेथवां वर्गमूल होय तितनेका अंक आगै लिखे संदृष्टि हो है। कहीं एक दोय आदिका अंकही प्रथम द्वितीयादि मूलनिकी संदृष्टि हो है जैसें चतुर्थ मूलकी संदृष्टि ४ ऐसी। बहुरि घन-मूलकी संदृष्टि घ मू ऐसी। ऐसैं परिकर्माष्टककी संदृष्टि जाननी। अब संदृष्टिनिविषैं विशेष कहिये हैं—

जहां भाज्यराशि वा भागहार राशिकी किसी प्रमाण करि शुद्धता होइ भाज्यकौं वा भागहारकौं किसी समान प्रमाणका भाग दीएं यथायोग्य लब्धराशि पाइ निरवशेषता होइ तहां तिस प्रमाण करि अपवर्त्तन करना। जैसें जहां अट्ठाईस भाज्यकौं आठका भागहार २८ होइ, तहां च्यारि करि अपवर्त्तन करिए तब अट्ठाईसकौं
८
च्यारिका भाग दीयें सात पाये सो तौ अट्ठाईस की जायगा लिखिये अर आठकौं च्यारिका भाग दीये दोय पाये

सो आठकी जायगा $\frac{7}{2}$ लिखिये इहां अट्ठाईसकौं आठका भागदीयें भी अर सातकौं दोयका भाग दीयें भी लब्ध राशि साढा तीन हो है। ऐसैंही अन्यत्र अपवर्तन जानना। बहुरि जहां भाज्य अर भागहार विषै समानता होइ, तहां दोऊनिका अभावकरि अपवर्तन करना। जैसैं चौगुणा असीकौं चौगुणा पांचका जहां भाग होइ, $\frac{80 \times 4}{5 \times 4}$ तहां चौगुणापनेकौं भाज्य भागहारविषै समान जानि अपवर्त्तन कीयें असीकौं पांचका भागहार हो है। $\frac{80}{5}$। बहुरि कहीं महत्प्रमाणविषैं एक आदि हीन अधिक होतैं भी संदृष्टिविषैं अपवर्तन करिए है। जैसैं जीव राशिकौं एक अधिक अनंतका गुणकार अर अनंतका भागहार होइ तहां अपवर्तन कर जीव राशी मात्र १६ प्रमाण लिखिये। बहुरि जहां घटावने योग्य ऋण राशि होइ, अर तिस ऋण राशिका भी ऋण होइ, तहां ऋण राशिमैंस्यों अपना ऋण घटाइ अवशेष मूल राशिमैंस्यों घटाइए अथवा 'ऋणस्य ऋणं राशेर्धनं' इस वचन तैं तिस ऋण कौं मूलराशिविषै जोडि तामैं ऋण घटाइये। जैसैं दश घाटि सौ हजारमें घटावने होंइ तौ हजारमें निवै घटाइये। अथवा दश अधिक हजारमैंस्यों सौ घटाइये। दोऊनिका एक अर्थ है। ऐसैं ही अन्यत्र जानना। बहुरि जहां संदृष्टिके अर्थि किसी प्रमाण करि राशिका भेदन करिये तहां तिस प्रमाणका राशिकौं भाग दीये जो पावैं सो तो राशिकी जायगा लिखिये ताके आगै तिस प्रमाण मात्र गुणकारकौं लिखिये। जैसैं पांचसै वाराकौं सोलह करि भेदिए, तहां पांचसै वाराकी जायगा बत्तीस लिखिये ताके आगै सोलहका गुणकार लिखिये। ऐसैं अन्यत्र जानना। बहुरि जहां भागहारके गुणकार होंइ, तहां तिन गुणकारनिकौं भागहारके आगैं लिखिए बहुरि तिस भागहारकौं तिस गुणकारनिकरि गुणे जो प्रमाण आवै तितनेका तहां भागहार जानना। जैसैं लक्षकौं नव अर तीन गुणा नवका भाग होइ, तहां ऐसैं $\frac{ल}{9|9|3}$ लिखिये इहां नव नव तीनकौं परस्पर गुणैं दोयसै

तियालीस हुआ ताका भागहार जानना । ऐसैं ही पांचवार संख्यातकरि गुण्या हुवा पणट्ठी प्रमाण प्रतरांगुलका भाग जहां जगत्प्रतरकौं होइ तहां ऐसैं लिखिये = ४।६५=१।१।१।१।१ अर्थ तैसैंही जानना । ऐसैं ही अन्यत्र जानने । बहुरि जहां भाज्यके गुणकार होंइ तहां तिन गुणकारनिकौं भाज्यके आगे लिखिये बहुरि भाज्यकौं तिन गुणकारनिकरि गुणैं जो प्रमाण होइ तितना तहां भाज्य जानना । जैसैं च्यारि पांच गुणा कोटिकौं लक्षका भाग होइ तहां को ४। ५ ऐसैं लिखिये । इहां कोटिकौं च्यारि अर पांच गुणां कीये वीस कोटि
ल
भए तिनकौं लक्षका भाग जानना । ऐसैं ही पल्य करि गुणित संख्यात घनांगुलकौं सूच्यंगुलका भाग होइ, तहां ६।१।प ऐसैं लिखना, अर्थ तैसैं ही जानना । ऐसैंही अन्यत्र जानना । बहुरि जहां कोई राशिके गुणकार
२
का भागहार होइ, तहां तिस भागहारकौं तिस गुणकारके नीचैं लिखिये । बहुरि तिस भागहारका तिस गुणकारकौं भाग दीएं जो प्रमाण आवै ताका तहां गुणकार जानना । जैसैं सौका चौथा भागकरि लक्षकौं गुणना । तहां ल १०० ऐसैं लिखिए इहां सौकौं च्यारिका भाग दीयें पचीस पाया ताका गुणकार जानना ऐसैंही पल्यका
४
असंख्यातवां भागकरि गुणा हूवा लोक ≡ प ऐसा ताका अर्थ जानना । बहुरि जहां भाज्य वा भागहारका
a
गुणकार भागहार सहित होइ, तहां भी अपने भागहारका भाग गुणकारकौं दियें जो पावैं तितनेका भाज्य वा भागहारका गुणकार जानना । जैसैं सौका चौथा भागकरि गुणा हुवा लक्षकौं पचास का भाग दीजिये तब ऐसा ल १०० कोटिकौं सौका चौथा भागकरि गुणित लक्षका भाग दीएं ऐसा को पल्यका असंख्यातवां भाग-
५०।४
ल १००
४

करि गुणित लोककौं घनांगुलका भाग दीएं ऐसा ≡ प घनांगुलका संख्यातवां भागकरि गुणित जगच्छ्रेणीका (६ । ३)

भाग जगत्प्रतरकौं दीएं ऐसा = (—६ / ७) ऐसैं ही अन्यत्र जानना। बहुरि गुण्यविषैं वा गुणकारविषैं वा भाज्यविषैं वा भागहार

विषैं किछू मिलावना होइ तो ताके ऊपरि संकलनकी संदृष्टि करनी अर घटावना होइ तो ऋणकी संदृष्टि करनी।

जैसें असंख्यातगुणा एक अधिक लोककी ऐसी ≡ ३ (१—) संदृष्टि है एक अधिक संख्यातगुणा सूच्यंगुलकी ऐसी

२ ७ (१—) पल्यकरि भाजित एक अधिक लोककी ऐसी ≡ (१— / प) एक अधिक प्रतरांगुलकरि भाजित लोककी ऐसी

≡ (१— / ४) इत्यादि। बहुरि अनंतकरि गुणित एक घाटि जीवराशिकी ऐसी १६ ख (१ —) एक घाटि अनंतकरि गुणित

जीवराशिकी ऐसी १६ ख (१ ^) अनंतकरि भाजित दोय घाटि पुद्गलराशिकी ऐसी १६ ख (२ ^ / ख) दोय घाटि अनंतकरि

भाजित पुद्गलराशिकी ऐसी १६ ख (२ ^ / ख) इत्यादि जाननी।

बहुरि जहां भाज्य राशिकैं गुणकार होइ वा भागहार राशिकैं गुणकार होइ अर तिन गुणकारनिविषैं कोई गुणकार भागहार संयुक्त होइ वा किछू अधिक वा किछू हीन होइ तो तहां तिन भाज्यभागहारनिके आगे

तिनि गुणकारनिकौं लिखि जिस गुणकारका भागहार होइ सो तिसके नीचैं लिखना। अधिक वा हीन होइ सो ऊपरि संदृष्टि रूप लिखना। बहुरि भागहारका भाग दीएं अधिककौं मिलाएं हीनकौं घटाएं जो प्रमाण होइ सो तहां गुणकारका प्रमाण जानना। जैसैं लाखकौं तीन करि लाखका चौथा भाग करि एक अधिक हजार करि गुणिए इतना तौ भाज्य अर दशकौं लाखका पांचवां भाग अर एक घाटि सौ करि गुणि ताका भाग देना तहां ऐसैं लिखिए

ल ३ ल १००० (१— ऊपरि) / ४ (नीचैं)
१० ल १०० (१ ऊपरि) / ५ (नीचैं)

इहां यथोक्त करतें सात लाख गुणसठि हजार दोयसै पचास कोडि तो भाज्य अर एक कोडि अठ्याणवै लाख भागहार जानना। बहुरि ऐसैं ही जहां घनांगुलकौं घनावलीका असंख्यातवां भागकरि वा एक अधिक संख्यात करि गुणिए इतना तौ भाज्य अर पल्यका असंख्यातवां भागकौं एक घाटि घनावलीका असंख्यातवां भाग करि गुणिए इतना भागहार होइ तहां ऐसैं लिखिए

६ । ८ । a (१— ऊपरि) / a
प (नीचैं a) । ८ । a (१ ऊपरि) / a

बहुरि राशिके गुणकारनिके जे भागहार तिनकौं राशिके भागहारनिकौं लिखि तिनकरि गुणकार करिए जैसैं लक्षका पचासवां भागकौं सौका चौथा भागकरि गुणिए तहां ऐसा लिखिए ल १०० / ५० ४ इहां सौगुणा लक्षकौं च्यारि गुणां पचासका भाग जानना। जातैं दोऊ प्रकारकरि प्रमाण समान हो है। ऐसैं ही अन्यत्र

जानना। बहुरि जहां भागहार वा गुणकार दोय तीन आदि वार होइ तहां तिस गुणकारके आगें दोय तीन आदिका अंक लिखनेकी भी सहनानी जानना। जैसें लक्षकौं तीनवार च्यारिका भाग देना होइ तहां ऐसा लिखिए ल इहां तीनबार च्यारिकौं परस्पर गुणें चौंसाठि पाए सो चौसठिका भागहार जानना। ऐसें ही घनां-
४ ।३

गुलकौं उगणीस बार पल्यका असंख्यातवां भागका भाग देना होइ तहां ऐसें लिखिए ६ बहुरि च्यारिवार दोय
प १९
a

करि गुणित कोटिकौं ऐसें लिखिए को २। ४ इहां च्यारि बार दोयकौं परस्पर गुणें सोलह भए सो सोलहका गुणकार जानना। ऐसें ही जहां घनांगुलकौं बाईसबार घनावलीका असंख्यातवां भागकरि गुणना होइ तहां ऐसें लिखिए ६। ८। २२ ऐसें ही अन्यत्र संदृष्टि जाननी। बहुरि जहां भागहारका भागहार वा प्रतिभाग-
a

हार होइ तहां तिनकौं नीचैं नीचैं लिखिए। बहुरि नीचैतैं लगाय क्रमतैं ऊपरि ऊपरि भाग देतैं जो पावैं सो तहां प्रमाण जानना जैसें जहां हजारकौं सौका भाग ताकौं वीसका भाग ताकौं पांचका भागदेना होइ तहां ऐसें लिखिये १००० यहां यथोक्त करतैं चालीस प्रमाण आवै है। ऐसें ही जगतप्रतरकौं प्रतरांगुलका भाग अर
१००
२०
५

ताकौं आवलीका असंख्यातवां भागका भाग दीजिये तहां ऐसें लिखिये = ऐसें ही अन्यत्र जानना। बहुरि
४
२
a

हारस्य हारो गुणकोऽत्रराशेः, इसवचनतैं कहीं भागहारका भागहारकौं भाज्यराशिका गुणकार करना जैसैं हजारकौं वीसका पांचवां भागका भाग $\frac{1000}{\frac{20}{5}}$ जहांहोइ तहां हजारकौं पांच गुणाकरि वीसका भाग दीजिये $\frac{1000 \mid 5}{20}$ जातैं वीसकौं पांचका भागदीएं च्यारि पाए ताका भाग हजारकौं दीए भी दोयसै पचास पावैं अर पांचगुणा हजारकौं वीसका भाग दीएं भी तितनेही पावैं दोऊनिका एक अर्थ है ऐसैं ही अन्यत्र जानना। बहुरि जहां धनराशि वा ऋणराशिके दोऊनिके गुणकार भागहारादि होंइ तहां जुदे जुदे गुणनादि कीएं जो धनराशि होइ तामैं जो ऋणराशि होइ ताकौं घटाएं जो प्रमाण होइ सो तहां ग्रहण करणा। जैसैं धनराशि दोयवार सोलह करि गुणित च्यारि प्रमाण ४।१६।१६। अर ऋणराशि दोयवार च्यारि करि गुणित दोय प्रमाण । २। ४ । ४। जहां होइ तहां च्यारि सोलह सोलहकौं परस्पर गुणैं एकहजार चौवीस भए तिनमें दोय च्यारि च्यारिकौं परस्पर गुणैं बत्तीस भए ते घटाइए ऐसैं अन्यत्र भी जानना।

बहुरि जहां विवक्षित भागहारका भाग देइ तहां एकभाग छोडि बहु भागनिका ग्रहण करना होइ तहां एक घाटि भागहारका प्रमाण करि भाज्यकौं गुणिए अर संपूर्ण भागहारका भाग दीजिये जातैं समच्छेदकरि तहां मूलराशि ऋण राशिके गुण्यकौं समान देखि मूलराशिका गुणकारमैंस्यौं एक घटाइए है जैसैं जहां लक्षकौं दशका भाग तहां एक भाग छोडि नव भागनिका ग्रहण करना होइ तहां लक्षकौं नवगुणा करि दशका भाग दीजिए $\frac{ल \; ९}{१०}$ ऐसैं नवभागनिके निवै हजार प्रमाण आया ऐसैंही पुद्गल राशिकौं अनंतका भाग देइ जहां बहुभाग ग्रहण करने होंइ तहां भी ऐसैं ही जानने। ताकी संदृष्टि ऐसी $\frac{१६ \, ख \, ख^{१-}}{ख}$ ऐसैंही अन्यत्र जानना।

